भारत सरकार

भारी उद्‌योग और लोक उद्‌यम मंत्रालय

भारी उद्‌योग विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1045

जिसका उत्तर मंगलवार 24 जुलाई, 2018 को दिया जाना है

नई राष्ट्रीय ऑटो नीति

1045. श्री मुथमसेटी श्रीनिवास (अवंती) राव:
डॉ.पी.वेणुगोपाल:

क्या भारी उद्‌योग और लोक उद्‌यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का नई राष्ट्रीय ऑटो नीति लाने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या नई राष्ट्रीय ऑटो नीति लाने से पूर्व सभी हितधारकों से चर्चा की जाएगी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या यह सच है कि नई ऑटो नीति में ऑटोमोबाइल पर उत्सर्जन संबंधी कराधान और प्रौद्‌योगिकी निरपेक्ष हरित गतिशीलता रूपरेखा पर विशेष जोर दिया जाएगा; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

भारी उद्‌योग और लोक उद्‌यम राज्य मंत्री

(श्री बाबुल सुप्रियो)

(क) से (ङ): भारी उद्‌योग विभाग द्‌वारा एक मसौदा नेशनल ऑटोमोटिव पॉलिसी तैयार की गई है और यह भारी उद्‌योग विभाग की वेबसाइट (www.dhi.nic.in) पर उपलब्ध है। यह मसौदा नीति सर्वांगीण प्रकृति की है और ऑटो मिशन प्लान 2016-26 के उद्देश्यों को पूरा करने में ऑटोमोटिव उद्‌योग के हितों का समाधान करती है। किसी भी नीति को सामान्यतः स्टेकहोल्डर परामर्शों के बाद अंतिम रूप दिया जाता है।

******